Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 16-05-2007

Participants : Murmu Shri Hemlal

Title : Need to amend the law with a view to maintain status-quo in the seats reserved for Scheduled Tribes from Jharkhand in Jharkhand Legislative Assembly and Lok Sabha, in the aftermath of Delimitation of Constituencies.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, जनगणना 2001 के आधार पर झारखंड राज्य के विधानसभा एवं लोक सभा के अनुसूचित जातियों के सीटों का परिसीमन होने से क्रमशः 5 एवं 1 सीट का नुकसान हो रहा है। इस संबंध में झारखंड राज्य के सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ साथ झारखंड के मुख्यमंत्री के डेलिगेशन द्वारा प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, विधि एवं कानून मंत्री, भारत सरकार आदि से व्यक्तिगत साक्षात्कार कर आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों को परिसीमन के अंतर्गत नहीं घटाने का आग्रह किया गया। इस संबंध में झारखंड के संसद सदस्यों एवं विधान सभा के सदस्यों ने भी समय समय पर सरकार का ध्यान आकृट कराये हैं, लेकिन इस संबंध में आज तक कार्रवाई शून्य है।

वर्तमान सरकार के एजेन्डा में भी आदिवासियों का कल्याण निहित है, परन्तु आदिवासियों के जनप्रतिनिधियों की संख्या में ही कमी हो जाएगी तो संसद एवं विधान सभा में आदिवासियों की आवाज उठाने वालों का क्या होगा?

अतः सरकार कानून में संशोधन लाकर झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों में कमी नहीं करने का प्रावधान किया जाये और भारत के परिसीमन आयोग को झारखंड में आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों में कमी नहीं करने हेतु आदेश जारी किया जाये।